# " दुर्ग जिले की महिला कबड्डी टीम का चयन "

**राजनांदगांव** : शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में दिनांक 05/10/2018 हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की महिला कबड्डी टीम के चयन हेतु चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें दुर्ग जिले एवं राजनांदगांव की टीम ने भाग लिया । दोनों ही टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया एवं राजनांदगांव जिले की टीम 58–32 से विजयी रही । च प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल, डॉ.सुषमा तिवारी, श्री सतीश एस.वानखेड़े, दुर्ग विश्वविद्यालय के खेल संचालक डॉ.ललित वर्मा, राजनांदगांव जिले के क्रीड़ाधिकारी डॉ.मुन्ना लाल नन्देश्वर, श्री अरूण चौधरी, श्री सुरेश पटेल एवं दुर्ग जिले के क्रीड़ाधिकारी डॉ.नरेश दीवान, डॉ.दिनेश नामदेव, श्री रमेश त्रिपाठी, श्री लांजेवार एवं श्री देशमुख उपस्थित थे ।

राजनांदगांव जिले की कु.उर्वशा, कु.पूनम, कु.संतोषी एवं कु.मैना ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उक्त सभी छात्राएँ स्कूल स्तर पर कई बार राष्ट्रीय कबड्डी में छ.ग.राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके है एवं पिछले 3–4 वर्षो से सांई राजनांदगांव में श्री डी.डी.साहू, श्री ललित साहू एवं श्री लखन के मार्गदर्शन में कबड्डी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है । चयनित टीम दिनांक 01/11/2018 से 04/11/2018 का बारासुर उड़ीसा में आयोजित होने वाले इस्ट जोन अंतर्रविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेगी । उक्त जानकारी महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ.नीता एस.नायर ने दी ।